भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1644
16 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महाराष्ट्र में मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

1644. श्री संजय काका पाटील:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2021-22 मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत महाराष्ट्र में मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसीएस) के लिए नई निधि संस्वीकृत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रस्तावों को अंतिम रूप देने और निधि के वितरण के संबंध में राज्य सरकार के साथ चर्चा कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करती है।

वित्त वर्ष 2021-22 में, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत महाराष्ट्र राज्य ने पीआईपी 2021-22 में 2 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएमसी) और 4 नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) के निर्माण का प्रस्ताव किया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिनांक 09.07.2021 को जारी की गई कार्यवाही के रिकार्ड में 1 नए पीएचसी(रालेगण सिद्धि, टाल पार्नर) और 4 नए यूपीएचसी(लातूर निगम में 1, औरंगाबाद सीबी में 1 और धुले निगम में 2) के लिए क्रमश: 1.00 करोड़ रूपए और 3.00 करोड़ रूपए की लागत (75.00 लाख रू प्रति यूपीएचसी) से निर्माण कार्य की मंजूरी दी है।

*****